*भाकृअनूप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक 753 006*

*कृषि सलाहकार सेवा*

*कोई भी कृषि कार्य करने से पहले स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार कोविड -19 दिशानिर्देशों का पालन करें*

*मार्च 2022 के द्वितीय पखवाड़े की रणनीतियाँ*

1. *प्रतिरोपित ग्रीष्मकालीन चावल*
   *रोपित की गई फसल के लिए*

- *यदि पूर्व-उद्भव/उद्भव-पश्चात शाकनाशी प्रयोग नहीं किया गया है तो रोपाई के बाद 15-20 दिनों पर उद्भव-पश्चात शाकनाशी पेनॉक्ससुलम 1.02% + साइहालोफॉप-ब्यूटाइल 5.1% 800 मिली/एकड़ की दर से प्रयोग करें या रोपाई करने के 20 और 40 दिनों के बाद हाथों से निराई करें। रोपाई करने के 20 और 40 दिनों के बाद कतार में रोपित धान के खरपतवारों के नियंत्रण हेतु फिंगर वीडर/कोनो-वीडर/धान वीडर का उपयोग करके नियंत्रित किया जा सकता है।*
- *रोपे गए खेत में पीला तना छेदक और पत्ता मोड़क की निगरानी के लिए धान के खेत में 5 मिलीग्राम ल्यूर/एकड़ के साथ 3 फेरोमोन ट्रैप लगाएं। जब भी नर कीट/जाल की संख्या 4 या 5 तक पहुंच जाए, अजाडिराक्टीन 0.15% नीम के बीज की गिरी आधारित ईसी सूत्रण 800 मिली/एकड़ दर पर या दानेदार कीटनाशक क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 4% जीआर 4 किग्रा/एकड़ दर पर छिड़काव करें या करटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 10 किग्रा/एकड़ 1:1 के अनुपात में रेत के साथ मिलाकर या टेट्रानिलिप्रोल 200 ग्राम/ली. एससी 120 मिली/एकड़ दर से या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ दर पर 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।*

- *विलंबित रोपाई की गई खेत में रोपाई करने के 20-25 दिनों के बाद दौजियां निकलने की अवस्था में 35 किग्रा/एकड़ की दर से टॉप ड्रेसिंग के रूप में यूरिया डालें। समय पर की गई रोपित फसल में बालियां शुरू होने पर 35 किग्रा यूरिया एमओपी 11 किग्रा प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें।*
- *प्रध्वंस संक्रमण दिखाई देने पर, कार्बेन्डाजिम 50 डब्लयू पी 200 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या ट्रायफ्लोक्सिस्ट्रोबिन 25% + टेबूकोनाजोल 50% 80 ग्राम प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या एडिफेनफोस 50 ईसी 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।*

2. *आर्द्र सीधी बुआई चावल*

- *पीला तना छेदक की निगरानी लगातार की जानी चाहिए। जब नर कीट/जाल की संख्या 4 या 5 तक पहुंच जाए, अजाडिक्टीन 0.15% नीम के बीज की गिरी आधारित ईसी सूत्रण 800 मिली/एकड़ दर से या दानेदार कीटनाशक क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 4% जीआर 4 किग्रा/एकड़ दर से छिड़काव करें या करटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 10 किग्रा/एकड़ 1: 1 के अनुपात में रेत के साथ मिलाकर या टेट्रानिलिप्रोल 200 ग्राम/ली. एससी 120 मिली/एकड़ दर से या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर का छिड़काव करें।*

- *यदि पूर्व-उद्भव/उद्भव-पश्चात शाकनाशी प्रयोग नहीं किया गया है तो बुआई के बाद 15-20 दिनों पर उद्भव-पश्चात शाकनाशी पेनॉक्ससुलम 1.02% + साइहालोफॉप-ब्यूटाइल 5.1% 800 मिली/एकड़ की दर से 140 लीटर पानी में मिलाकर प्रयोग करें।*
- *प्रध्वंस संक्रमण दिखाई देने पर, कार्बेन्डाजिम 50 डब्लयू पी 200 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या ट्रायफ्लोक्सिस्ट्रोबिन 25% + टेबूकोनाजोल 50% 80 ग्राम प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या एडिफेनफोस 50 ईसी 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।*
- *किसानों को सलाह दी जाती है कि धान की खेती के सभी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करने के लिए एनआरआरआई द्वारा विकसित धान विशेषज्ञ मोबाइल ऐप (गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध) को डाउनलोड और उपयोग करें।*